सासाराम-कैमूर भास्कर

पटना | शुक्रवार, 8 मई, 2026

डेहरी • भभुआ • बिक्रमगंज | मोहनिया • कोचस

तापमान/मौसम

दिन 35⁰ अधिकतम | रात 24⁰ न्यूनतम

निकलेगी धूप, तेज हवा के साथ वर्षा व ओले गिरने की संभावना।

शहर में आज

डीएम की बैठक

स्थान- कलेक्ट्रेट, समय- 11:00 बजे दिन

लोकल सोना चांदी भाव

सोना		चांदी
24 कैरेट	22 कैरेट	प्रति किलो
153000	126600	250000
(कोई बदलाव नहीं)	(कोई बदलाव नहीं)	(+4000)

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी एक्स्ट्रा)

न्यूज ब्रीफ

ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

बिक्रमगंज|बिक्रमगंज- आरा मुख्य मार्ग पर शिवपुर हल्ट के पास खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार टकरा गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार रात करीब नौ बजे की है। युवक आरा की तरफ से अपने गांव तेंदुनी आ रहा था। थानाध्यक्ष रंजन कुमार पहुंचे और ट्रक मे फंसे युवक के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। युवक सरोज कुमार बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के ही तेंदुनी गांव के बबन प्रसाद का पुत्र था।

हड़ताल पर गए शिक्षकेतर कर्मचारी

डालमियानगर|बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, के आह्वान पर स्थानीय महिला कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मचारी गुरुवार से हड़ताल पर चले गए। संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व सचिव सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग, राज्य सरकार और वेतन कोषांग के मनमानी व वादाखिलाफी रवैये के कारण 15 सूत्री मांगों के समर्थन में राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया गया है। आंदोलन में अखिलेश पांडेय, कमलेश सिंह, सुग्रीव सिंह आदि हैं।

अकोढ़ीगोला में वज्रपात से वृद्ध की मौत

अकोढ़ीगोला|बसंतपुर में वज्रपात से वृद्ध की मौत हो गई। वह 77 वर्षीय नंद कुमार सिंह थे। जानकारी के अनुसार वह पशुओं को लेकर बधार गए थे। इसी दौरान बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। पशुओं के घर लौटने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन उन्हें खोजने निकले। परिजनों ने देखा खेत में गिरे थे। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष पर पांच सौ रुपये का आर्थिक दंड

सासाराम| न्यायालय आदेश की अवहेलना से जुड़े एक मामले में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थानाध्यक्ष को जिला जज चार अनिल कुमार की अदालत ने 500 रुपये का आर्थिक शुल्क कोर्ट में जमा करने का आदेश दिया है साथ ही कोर्ट ने उक्त थाना प्रभारी को भविष्य में सतर्क रहने की चेतावनी भी दी है। उक्त मामला एक दुर्घटना दावा वाद से जुड़ा था जिसमें जगदीशपुर निवासी रमेश कुमार नामक वाहन मालिक के खिलाफ कोर्ट ने मुआवजा देने का आदेश पारित किया था।

प्रेमी युगल ने थाने में किया आत्मसमर्पण

नासरीगंज |थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पूर्व फरार प्रेमी युगल ने थाने में गुरुवार को आत्मसमर्पण किया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व युवती के पिता ने थाने में अपनी पुत्री के गुम होने को ले प्राथमिकी कराई थी। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस दबिश के कारण दोनों ने आज थाने में स्वयं पहुंचकर आत्मसमर्पण किया।

कटाक्ष

आंधी और बारिश • मुख्य सड़क समेत गलियों की भी बिगड़ी सूरत, लोगों को घरों से निकलना मुश्किल

सड़कों पर जलजमाव, कार्यालयों में भी पानी

भास्कर न्यूज | सासाराम/बिक्रमगंज सदर

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही आंधी और बारिश के बीच गुरुवार की दोपहर झमाझम बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। मुख्य सड़क से लेकर गलियों तक में जलजमाव है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया दिया। भारी बारिश के कारण सदर अस्पताल परिसर, अनुमंडल कार्यालय, सेल्स टैक्स कार्यालय सहित कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के परिसरों में जलजमाव हो गया। स्थिति ऐसी हो गई कि कर्मचारियों और आम लोगों को घुटने भर पानी से होकर कार्यालयों तक पहुंचना पड़ा। सदर अस्पताल परिसर झील में तब्दील नजर आया। नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। शहर के अड्डा रोड, पंजाबी मोहल्ला, गौरक्षणी, फजलगंज, न्यू एरिया, गोला बाजार, नवरत्न बाजार, चौक बाजार और इमली आदम खां समेत कई पुराने मोहल्लों में पानी भर जाने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। कई निचले इलाकों में घरों तक में पानी प्रवेश कर गया, जबकि उत्तरी क्षेत्र में बारिश का पानी पुरानी जीटी रोड पर चढ़ गया। बारिश के चलते कई विद्यालयों में छुट्टी भी करनी पड़ी। लगातार जलजमाव की स्थिति ने नगर निगम की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था के दावों की पोल खोल कर रख दी है।

कई विद्यालयों में करनी पड़ी छुट्टी, घुटने भर पानी में हुई आवाजाही

अनुमंडल कार्यालय में जल जमाव

जलनिकासी की नहीं है व्यवस्था

लगातार बदलते मौसम और रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कई वार्डों के निवासियों का कहना है कि यदि दोबारा तेज बारिश हुई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी नालियों के जरिए घरों में प्रवेश कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर में हर वर्ष बरसात के दौरान जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। वहीं शहर में चल रहा सीवरेज कार्य भी अब तक अधूरा पड़ा है, जिससे समस्या और बढ़ रही है।

सब्जी सहित गरमा फसल को नुकसान

बिक्रमगंज केवीके वैज्ञानिक डॉ. रतन ने बताया कि वर्तमान में हुई बारिश से सब्जियों के फसल पर अत्यधिक प्रभाव पड़ेगा। सब्जियों में कम पानी की आवश्यकता होती है ज्यादा पानी होने पर उसमें जड़ गलन की समस्या तथा सब्जियां सूखने लगेंगी। मूंग में भी फूल आने की अवस्था में फूल झड़ जाएंगे तथा पौधे सूख जाएंगे। इससे उत्पादन क्षमता घटेगी। अभी फ्लावर का सीजन है तो उसके उत्पादन पर असर पड़ेगा। वर्तमान में मक्का में भी पानी अगर ज्यादा लगेगा तो बाल के अंदर सुखन एवं खराब होने लगेगा। आंधी और बारिश नहीं हो तो लीची और आम के फसल के लिए अच्छा ही रहेगा क्योंकि अब बारिश होने से फलों में लीची का फसल पकाना शुरू हो जाएगा। उसमें मिठास आने लगेगी। इससे फलों के आकार में भी वृद्धि होगी और फल अच्छे होंगे। बारिश आंधी के साथ होगी तो फसल झड़ जाएंगे।

एक्सपर्ट व्यू

उमेश कुमार सिंह, मौसम वैज्ञानिक

मंगलवार तक ऐसा ही रहेगा मौसम, धूप-बादलों की रहेगी आवाजाही

आगामी मंगलवार तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने का अनुमान है। इस दौरान कभी तेज धूप तो कभी बादलों की आवाजाही देखने को मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मौसम वैज्ञानिक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल वातावरण में नमी बने रहने और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 डिग्री से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बीच-बीच में हल्की बारिश या तेज हवा चलने की भी स्थिति बन सकती है। हालांकि आगामी गुरुवार से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी और गर्मी का असर फिर तेज होने लगेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को सतर्क रहने और बदलते मौसम के अनुसार सावधानी बरतने की सलाह दी है।

हादसे में स्वर्ण व्यवसायी की मौत, किशोर जख्मी

भास्कर न्यूज | सासाराम

राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर दरिगांव थाना क्षेत्र के ताराचंडी के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार सर्राफा व्यवसायी की मौत हो गई।

उनके साथ मौजूद किशोर गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के पुरानी मुंशी मोहल्ला निवासी जितेंद्र सोनी के रूप में हुई है। घायल किशोर देव सोनी, झारखंड के गढ़वा निवासी लवकुश सोनी का पुत्र बताया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि जितेंद्र सोनी वाराणसी से सोना-चांदी के जेवरात खरीदकर बाइक से औरंगाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान ताराचंडी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से सोना-चांदी से भरा बैग बरामद कर किया है। दरिगांव थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

जाम से मुक्त होगा मोहनिया, बनाया गया है मास्टर प्लान

सिटी रिपोर्टर | मोहनिया

मोहनिया अनुमंडल में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए गुरुवार को अनुमंडल प्रशासन ने ठोस पहल शुरू की है। एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी की अगुवाई में एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया गया है,जिसके तहत यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई अहम कदम उठाए जाएंगे। एसडीएम ने डीएसपी, डीसीएलआर के अलावा मोहनिया,कुदरा व रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारियों व थानाध्यक्षों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जाम की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दी गई।एसडीएम ने बताया कि शहर में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है,जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है।इसे देखते हुए लॉन्ग टर्म प्लान तैयार किया गया है,ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।योजना के तहत शहर में वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर दबाव कम होगा और यातायात सुचारू रूप से बहाल रहेगा। साथ ही अंडरपास को और अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

एम्बुलेंस व स्कूल वाहनों के लिए विशेष प्राथमिकता तय करने की भी योजना है,ताकि आपात स्थिति में उन्हें जाम का सामना न करना पड़े।

5वीं बार मोहम्मद जमा खान ने ली मंत्री पद की शपथ

नीतीश के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में शामिल हुए, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय मिला

जमा खान वर्ष 2020 में पहली बार बसपा से चुनाव लड़े थे

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

मो. जमा खान।

चैनपुर विधानसभा से दूसरी बार विधायक चुने गए मोहम्मद जमा खान ने गुरुवार को पांचवीं बार मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें जगह मिली है। अब वह नीतीश कुमार के बाद सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में शामिल हो चुके हैं। लोगों की मानें तो मंत्री पद की शपथ लिए मोहम्मद जमा खान विधायक बनने और फिर पिछले टर्म में मंत्री रहने के कार्यकाल के दौरान समय-समय पर क्षेत्र के लोगों से मिलते जुलते रहे हैं।उनकी समस्याएं भी सुनते रहे हैं। गुरुवार को फिर से मंत्री बनने के बाद इलाके के लोगों में क्षेत्र के और भी अधिक विकास की उम्मीदें हैं।

उल्लेखनीय है कि जमा खान वर्ष 2020 में पहली बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने। इसी साल पाला बदलकर जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ली और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बने। अगस्त 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए से गठबंधन तोड़कर महागठबंधन के साथ सरकार बनाई। नई सरकार में जमा खान को कैबिनेट में जगह मिली।

दूसरी बार भी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बने। करीब 17 महीने बाद लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन से नाता तोड़ तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से एनडीए के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई। तीसरी बार भी सरकार में भी मोहम्मद जमा खान को मंत्रिमंडल में जगह मिली और वह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बने। वर्ष 2025 में हुई आम विधानसभा चुनाव में चैनपुर विधानसभा से दूसरी बार मोहम्मद जमा खान विधायक चुने गए। इस मंत्रिमंडल में भी मोहम्मद जमा खान को पुराना अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय मिला। नीतीश कुमार के इस्तीफा के बाद नई सम्राट कैबिनेट में भी जनता दल यूनाइटेड के कोटे से मोहम्मद जमा खान ने पांचवी बार मंत्री पद की गुरुवार को शपथ ली।

दहेज प्रताड़ना से तंग बहू ने दी जान, पति व सास गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | दिनारा

रामगढ़ टोला में विवाहिता गायत्री कुमारी ने आत्महत्या कर ली। उसकी बहन गंगोत्री कुमारी ने नटवार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया है कि उसकी छोटी बहन गायत्री की शादी करीब एक वर्ष पूर्व अखिलेश कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पति अखिलेश कुमार, सास चंद्रावती देवी, ससुर तथा परिवार के अन्य सदस्य अक्सर गायत्री को ताना देते थे। अपने मायके से दहेज लाओ। लगातार मानसिक प्रताड़ना और पारिवारिक दबाव से परेशान होकर गायत्री कुमारी ने आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि गंगोत्री की शादी मिथिलेश कुमार से हुई है, जबकि गायत्री की शादी मिथिलेश के छोटे भाई अखिलेश कुमार से हुई थी। दोनों सगी बहनों की शादी एक ही परिवार में हुई थी। थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि मामले में कुल छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इनमें आरोपी पति अखिलेश कुमार और सास चंद्रावती देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कार की टक्कर से ऑटो सवार 7 घायल, एक की मौत

डेहरी-राजपुर पथ पर करकटपुर के पास हादसा

भास्कर न्यूज | अकोढ़ीगोला

डेहरी-राजपुर पथ पर करकटपुर गांव के समीप गुरुवार की सुबह राजपुर की तरफ से आ रहे टेम्पो में अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से टेम्पो पर सवार चार छात्राएं, एक छात्र ,एक मजदूर व टेम्पो चालक घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी इलाज के लिए ले गए। घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक गम्हरिया निवासी स्व कन्हाई राम का 35 वर्षीय पुत्र मनोज राम था। घटना की जानकारी गांव में मिलते ही ग्रामीण व परिजन सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने कार व टेंपो को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार गम्हरिया गांव के गेट से शबाना खातून, शुचिता कुमारी, नसरीन खातून, जिशान आलम, आमिर आलम और मनोज राम ऑटो से अकोढ़ीगोला आ रहे थे। इसी दौरान करकटपुर गांव के समीप टेम्पो में सामने से कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से टेंम्पो सवार सभी लोग घायल हो गए । गंभीर रूप से घायल मनोज राम को चिकित्सकों ने सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। वहां इलाज के दौरान मनोज राम की मौत हो गई। अपर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

रोते-बिलखते परिजन

सड़क हादसे में युवक की मौत, 15 दिन पहले हुई थी शादी

भास्कर न्यूज | शिवसागर

सोनहर गांव के रहने वाले रामशंकर पाण्डेय का 25 वर्षीय पुत्र प्रभाकर पाण्डेय उर्फ टुनटुन पाण्डेय का गुरुवार की दोपहर शिवसागर-चेनारी मुख्य मार्ग पर डुमरी मोड़ के समीप हादसे में जान चली गयी। बताया जा रहा है कि सड़क पर गिरे पेड़ से उसकी बाइक टकरा गई। जानकारी के अनुसार वह पड़ोसी रितेश पाण्डेय के साथ मां मुंडेश्वरी का दर्शन करने सुबह घर से निकला था। दर्शन कर घर वापस आने के क्रम में डुमरी मोड़ के समीप बीच सड़क पर गिरे पेड़ से उनकी बाईक टकरा गई। इससे बाइक चला रहे प्रभाकर की मौत हो गई। रितेश गंभीर रूप से घायल है। ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बनारस ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। प्रभाकर की शादी बीते माह 20 अप्रैल को हुई थी। शादी होने के महज दो सप्ताह के अंदर ही सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई है।

मृतक की फाइल फोटो

बेटे की हल्दी वाली रात पिता की करंट से मौत

सूर्यपुरा| वार्ड 10 में बुधवार देर रात शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। बेटे की शादी की तैयारियों के बीच करंट लगने से 64 वर्षीय कुन्कुन सिंह की मौत हो गई। घर में हल्दी की रस्म चल रही थी। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। शादी को लेकर पूरे परिवार और रिश्तेदारों में उत्साह का माहौल था। वार्ड सदस्य रिक्की कुमार ने बताया कि रात करीब साढ़े ग्यारह बजे भोज कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुन्कुन सिंह घर के लोहे के मुख्य दरवाजा बंद कर रहे थे। जेनरेटर की सप्लाई से जुड़े बिजली तार के संपर्क में आने से दरवाजे में करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गए। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पंचायतनामा 3207 आबादी वाली मसाढ़ी पंचायत की बैजनाथ धाम से है पहचान, गंगाजल लेकर कांवरिये भी आते हैं

देश के दो प्रमुख देवालयों से बैजनाथ धाम का मेल अनोखा

नरेन्द्र कुमार सिंह | रामगढ़

रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत है मसाढी पंचायत। पंचायत के आंगन में बैजनाथ धाम है। इस धाम की देश के दो प्रसिद्ध देवालयों से अनोखी समानता है।झारखंड स्थित देवघर के वैद्यनाथ धाम की जलाभिषेक पद्धति व खजूराहो के मंदिरों की झलक यहां साफ दिखती है। इलाके के बुद्धिजीवी कहते हैं,तकरीबन एक हजार साल पुराने इस मंदिर को चंदेल शासकों ने बनवाया था।

खजूराहो के कंदरिया महादेव मंदिर की तरह बैजनाथ मंदिर का भीतरी गुंबद दुर्लभ अष्टकोणीय आधार का है।खजूराहो छतरपुर जिले में है।बैजनाथ धाम के बगल में छतरपुरा गांव है।खजूराहो के मंदिरों की तरह ही बैजनाथ मंदिर की मूर्तियों पर कामुक प्रभाव दिखता है।मैथुनरत पशुओं व नर नारियों की मूर्तियां पत्थरों पर उकेरी गई है।

मकर तोरण द्वार, स्तनपान कराती मां,अप्सराओं समेत कई मूर्तियां आकर्षण का केन्द्र हैं।सावन माह में यह धाम विश्वप्रसिद्ध वैद्यनाथ धाम की तरह श्रद्धालुओं से गुलजार हो जाता है तो वहीं महाशिवरात्रि के दिन कोसों दूर से चलकर लोग भोले नाथ भगवान शिव का जलाभिषेक करते है।वहां के शिवलिंग पर सुल्तानपुर से गंगाजल का उठाव कर जलाभिषेक करते है।

कैमूर के रामगढ़ प्रखंड स्थित बैजनाथ धाम में यूपी के जमानियां से गंगाजल ले कांवरिये जलाभिषेक करते हैं।

मंदिर में रखी गईं प्रतिमाएं।

बैजनाथ धाम में चार कुंडों में से तीन आज भी मौजूद

बैजनाथ धाम में चार कुंडों में से तीन आज भी मौजूद हैं। ग्रामीण कहते हैं कि,रामगढ़ के बैजनाथ मंदिर के निर्माण के साथ चंदेल वंश के शासक विद्याधर धंग ने मंदिर के चारो कोनों पर कुंड भी बनवाया था।ब्रह्म कुंड, विष्णु कुंड,रुद्र कुंड व ध्रुव कुंड इनके नाम थे। उनमें से तीन आज भी कायम है।तालाब के रुप में इनका जीर्णोद्धार कराया गया है।यह मंदिर प्रखंड मुख्यालय से आठ किमी पश्चिम देवहलियां बाजार के पास स्थित है।

पंचायत में 500 परिवार, नल-जल योजना से मिल रहा पानी

अगर हम मसाढी पंचायत के भौगोलिक स्थिति का जिक्र करें तो इस गांव पंचायत की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 3207 है।जिसमें 1677 पुरुष तथा 1530 महिलाएं है। पंचायत के सात गांव बैजनाथ,मसाढ़ी,गोगाधि ,संगापुर, विशुनपुरा, भटौनि, मेधा है। इन गांवों में करीब 500 परिवार निवास करते हैं।पंचायत के वार्डों में नलजल की योजना सही तरीके से चल रही है।इस पंचायत में एक प्लस टू तथा सभी गांवों में प्राथमिक व मिडिल स्कूल है।पंचायत के मुखिया अंजनी मिश्रा ने बताया कि बैजनाथ धाम के विकास के लिए सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है।बैजनाथ धाम जाने वाली गली सकरी है। इसे बनाना जरूरी है।

मसाढी पंचायत

आबादी - 3207

पुरुष	महिला
1677	1530

पंचायत में कुल सात गांव। हर पंचायत में स्कूल

कैमूर में बारिश का अलर्ट वज्रपात होने के आसार

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

कैमूर जिले में मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र पटना द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले के कुछ हिस्सों में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात,वर्षा एवं तेज हवा चलने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है।इस दौरान हवा की गति लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है।मौसम विभाग द्वारा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सतर्क एवं सावधान रहने की अपील की है। जिला प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा सुरक्षित स्थानों पर रहें। मेघ गर्जन एवं वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़ एवं बिजली के खंभों से दूर रहें। किसान भाई खराब मौसम के दौरान खेतों में कार्य करने से बचें। तेज हवा के समय कच्चे एवं कमजोर भवनों में शरण लेने से बचें।

मोबाइल, विद्युत उपकरण एवं धातु की वस्तुओं का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं आपदा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा आवश्यक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

समाज-संस्था ब्रीफ

लोक अदालत के लिए जागरुकता रथ रवाना

जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाते जिला जज एवं अन्य

सासाराम| तीनों अनुमंडल मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में 9 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर गुरुवार को सासाराम व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनुज कुमार जैन एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया गया। उक्त जागरुकता रथ जिले के कोने-कोने में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत से मिलने वाले फायदे एवं उसकी विस्तृत जानकारी देंगे एवं लोगों को जागरुक कर उनके बीच सुलहनीय फौजदारी एवं दीवानी विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लाकर सुलझाने का सफल प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्ण देव आदि मौजूद थे।

नौहट्टा में आंधी से फल-सब्जी को नुकसान

नौहट्टा| स्थानीय प्रखंड में गुरुवार दोपहर आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। इसके कारण काफी नुकसान हुआ। बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति बंद हो गयी। चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण सब्जी व मूंग का फसल बुरी तरह प्रभावित हो गयी। पिछले दिनों ओलावृष्टि से आम व जामुन के फल को काफी नुकसान हुआ है। नौहट्टा के जिस क्षेत्र में पहले ओलावृष्टि नहीं हुआ था वहां गुरुवार को करीब दस मिनट तक जमकर ओलावृष्टि हुई।जिससे काफी नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि जो मूंग व साग-सब्जी की बोआई हुई है अब उससे मूलधन भी निकालना मुश्किल हो गया। सभी पौधे में कीड़े लग रहे हैं।

चेतना सत्र में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल जरूरी

भभुआ| कैमूर के सभी सरकारी विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है।बता दें कि कई विद्यालयों में लाउडस्पीकर होने के बावजूद चेतना सत्र में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।विद्यालयों में प्रति कार्य दिवस आधा घंटा चेतना सत्र का आयोजन किया जाता है।विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया है की चेतना सत्र सभी विद्यालयों में अलग-अलग ढंग से आयोजित किया जा रहा है।अधिकांश विद्यालयों में लाउडस्पीकर की उपलब्धता के बावजूद इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।इस बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार ने कहा कि सभी विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान लाउडस्पीकर का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

आज का पंचांग

श्रीपति त्रिपाठी

तिथि संवत् शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी दिन - 08:24 उपरांत सप्तमी श्री शुभ संवत-2083,शाके-1948,हिजरी सन-1447-48

सूर्योदयकालीन ग्रह विचार

सूर्य-मेष, चंद्रमा-मकर, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरु-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

सूर्योदयकालीन नक्षत्र

उत्तराषाढा उपरांत श्रवण, योग-शुभ, करण-वि,

चौघड़िया : प्रातः 06:00 से 07:30 तक चर, प्रातः 07:30 से 09:00 तक लाभ, प्रातः 09:00 से 10:30 बजे तक अमृत, प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक काल, दोपहर: 12:00 से 01:30 बजे तक शुभ, दोपहर: 01:30 से 03:00 बजे तक रोग, दोपहर: 3:00 से 4:30 बजे तक उद्वेग, शामः 04:30 से 06:00 तक चर। उपाय: भगवान गणपति की उपासना करें। साथ ही गोशाला में हरे चारे का दान करें। आराधना: ॐ सौम्यरूपाय विद्महे वाणेशाय धीमहि तन्नौ सौम्यः प्रचोदयात्।। दिशाशूल-नैऋत्य एवं पश्चिम। खरीदारी के लिए शुभ: प्रातः10:30 से दोपहर 12:00 तक।

राहु कालः प्रातः10:30 से दोपहर 12:00 तक।

राशिफल

मेष : शुभ अंक 9, शुभ रंग लालः इस सप्ताह उत्साह और साहस की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी लगन रंग लाएगी और उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। नई जिम्मेदारियों को आप आत्मविश्वास से निभाएंगे। व्यापार में नए अवसर सामने आएंगे।

वृष : शुभ अंक 6, शुभ रंग सफेदः इस सप्ताह धैर्य और स्थिरता महत्वपूर्ण रहेगी। कार्यक्षेत्र में निरंतर प्रयासों से प्रगति होगी और सहयोगियों का साथ मिलेगा। व्यापार में धीरे-धीरे उन्नति के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी, समझकर खर्च करें।

मिथुन : शुभ अंक 5, शुभ रंग हराः इस सप्ताह संवाद और अवसरों का विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी वाकपटुता और बुद्धिमत्ता से प्रशंसा मिलेगी। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए संबंध लाभकारी सिद्ध होंगे।

कर्क : शुभ अंक 2, शुभ रंग सफेदः इस सप्ताह संतुलन और संवेदनशीलता बनाए रखना जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन आप उन्हें सफलतापूर्वक निभाएंगे। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

सिंह: शुभ अंक 1, शुभ रंग सुनहराः इस सप्ताह प्रतिष्ठा और उपलब्धियों का समय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता सबको प्रभावित करेगी और सफलता मिलेगी। वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में नए आयाम खुलेंगे, लाभ के अवसर मिलेंगे।

कन्या: शुभ अंक 5, शुभ रंग हराः इस सप्ताह व्यवस्थित तरीके से काम करना आवश्यक रहेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ती जिम्मेदारियों को आप कुशलता से संभालेंगे। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में सूझबूझ से लिया गया निर्णय लाभ देगा।

तुला : शुभ अंक 6, शुभ रंग गुलाबीः इस सप्ताह सामंजस्य और संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण रहेगा। कार्यक्षेत्र में टीम भावना से कार्य करने पर सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में धीरे-धीरे उन्नति के संकेत हैं।

वृश्चिक : शुभ अंक 9, शुभ रंग लालः इस सप्ताह दृढ़ता और आत्मविश्वास लाभकारी रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा और आप लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में योजनाएं सफल होंगी।

धनु : शुभ अंक 3, शुभ रंग पीलाः इस सप्ताह प्रगति और विस्तार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे और नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। व्यापार में लाभ के योग बनेंगे और नए अवसर मिलेंगे।

मकर : शुभ अंक 8, शुभ रंग नीलाः इस सप्ताह अनुशासन और परिश्रम मुख्य भूमिका निभाएंगे। कार्यक्षेत्र में स्थिरता आएगी और आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आप उन्हें सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। व्यापार में धीरे-धीरे उन्नति होगी और नए अवसर मिलेंगे।

कुंभ : शुभ अंक 4, शुभ रंग बैंगनीः इस सप्ताह नवीन विचार और रचनात्मकता का समय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी और प्रगति मिलेगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में नए प्रयास लाभकारी सिद्ध होंगे।

मीन : शुभ अंक 7, शुभ रंग पीलाः इस सप्ताह शांति और आत्मबल बनाए रखना आवश्यक रहेगा। कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी और आपके प्रयास सफल होंगे। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में स्थिरता रहेगी और लाभ के संकेत हैं।

धर्म-समाज• सूर्यपुरा पश्चिम मोहल्ला शिव मंदिर परिसर में होगा अनुष्ठान, यतिचंद्र शास्त्री जी महाराज हर दिन करेंगे कथा

श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के लिए जलभरी

हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय, प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

भास्कर न्यूज | सूर्यपुरा

सूर्यपुरा पश्चिम मोहल्ला शिव मंदिर से गुरुवार को श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा सूर्यपुरा बारी मोहल्ला से आचार्य कृष्ण नन्द जी और पवन पाण्डेय के वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुरू होकर घोड़ा, दो और चार पहिया वाहनों और पैदल सूर्यपुरा गढ़, बड़ा तालाब, छोटका पोखरा,जाल्हा, बलहा गांव और कुसुमहरा होते हुए क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शक्ति स्थल भलुनी धाम देवी मंदिर पहुंची। यहां स्थित सरोवर से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने जलभरी की।

यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों और भगवान शिव के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। आयोजन समिति के लाल बाबू सिंह और नीतू देवी ने बताया कि कथा वाचक यतिचंद्र शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

14 मई को होगा समापन, भंडारे का भी किया जाएगा आयोजन

शिव मंदिर परिसर के पास एक भव्य मंच का निर्माण कराया गया है, जहां से कथा वाचक श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। श्रद्धालुओं के बैठने के लिए पूजा समिति द्वारा टेंट एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज 08 मई से प्रारंभ होकर , आगामी 14 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 मई को विशाल भंडारे के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा। सहयोग में आचार्य सृष्टधर मिश्रा, विवेक विद्यार्थी, भुअर प्रसाद, मंटू चंद्रवंशी, पहाड़ी महतो सहित कई भक्त लगे हुए थे।

गोरख परासी में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू

भास्कर न्यूज | काराकाट

सातो परसिया के धर्मागत व गोरख परासी गांव में विख्यात संत श्रीलक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी जी के सानिध्य में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की जलभरी यात्रा गुरुवार को निकाली गई। जिसमें हाथी, घोड़े, ऊंट व बैंड बाजे के साथ हाथों में कलश लिए कई महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ मंडप में गणेश व गौ पूजन के बाद निकली शोभा यात्रा करूप बाजार से राजमार्ग 120 नासरीगंज-बिक्रमगंज मार्ग होते काराकाट बाजार स्थित तालाब पर पहुंची, जहां वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा पूजा-अर्चना के बाद कलशों में जल धारण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु लक्ष्मी- नारायण नाम की जयघोष करते हुए कतारबद्ध आगे बढ़ रहे थीं। कई ग्रामीण युवक श्रद्धालुओं की सहायता में तत्पर दिख रहे थे। यात्रा में शामिल लोगों ने करीब 16 किलोमीटर की दूरी नंगे पांव तय करनी पड़ी। यज्ञ समिति के अनुसार नौ सौ से अधिक श्रद्धालुओं के बीच कलश वितरित किए गए। शोभा यात्रा में धर्मागत परासी,गोरख परासी,मानिक परासी व नोक परासी के कई ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल थे।

बॉडी बिल्डिंग में नफीस सिद्दीकी ने जीते 3 खिताब

भास्कर न्यूज | नौहट्टा

पटना में आयोजित जेन पंप बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बंजारी निवासी नफीस सिद्दीकी ने शानदार प्रदर्शन कर रोहतास जिले का नाम गौरवान्वित किया है। 3 मई 2026 को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी दमदार फिटनेस, कड़ी मेहनत और बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर तीन खिताब अपने नाम किए।

प्रतियोगिता की बॉडी बिल्डिंग कैटेगरी में सिद्दीकी ने प्रथम स्थान हासिल कर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया। ओवरऑल बॉडी बिल्डिंग कैटेगरी में भी पहला स्थान प्राप्त कर उन्होंने प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा क्लासिक कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नफीस ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया।

नफीस की इस बड़ी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं ने इसे रोहतास के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। लोगों का कहना है कि नफीस की मेहनत, अनुशासन और समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।अपनी सफलता पर नफीस सिद्दीकी ने परिवार, मित्रों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हो सका।

आईटीआई डिप्लोमा छात्रों को 5000 रुपए मिलेंगे

भभुआ| कैमूर में मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बता दें कि मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत ऐसे युवा जिसकी उम्र 18 से 28 वर्ष हो और जिसने 12वीं पास की हो ऐसे आवेदकों को 4000 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।आईटीआई या डिप्लोमा पास छात्रों को 5000 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।स्नातक या स्नातकोत्तर पास छात्र-छात्राओं को 6000 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।गृह जिला से बाहर इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को 2000 रुपए अगले तीन महीने तक मिलेगा।जबकि राज्य से बाहर इंटर्नशिप पर 5000 रुपए प्रति महीन मिलेगा।इस इंटर्नशिप की अवधि 3 माह से लेकर 12 महीने तक का होगा।

ऊर्जा संरक्षण के उपाय बताएंगे अधिकारी

कैमूर में पंचायतवार सहयोग शिविर 19 मई से, समस्याओं का होगा समाधान

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

अगले 19 मई को जिले के सभी प्रखंडों के एक-एक पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन होगा।शिविर में लोक सुविधाओं को बढ़ाने,शिकायतों के निवारण के लिए समस्याएं तो सुनी ही जाएगी।खास बात यह है कि इस सहयोग शिविर में अफसर ऊर्जा संरक्षण के उपाय भी सुझाएंगे। इसकी तैयारी की जा रही है।ऊर्जा विभाग ने लोगों से संबंधित पंचायत में होने वाली सहयोग शिविर में ऐसे सवालों को लेकर अपील की है।विद्युत कार्यपालक अभियंता शशिकांत कुमार के अनुसार आयोजित होने वाले सहयोग शिविर में ऊर्जा संरक्षण के उपाय बताए जाएंगे। स्मार्ट मीटर से संबंधित जुड़ी जानकारियां भी बताई जाएगी।

सरकार की ओर से संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना,विद्युत सुरक्षा- जागरूकता से जुड़ी तथ्य भी रखे जा सकेंगे।

जिक्र करते हुए कहा कि ऑन स्पॉट समस्याओं का समाधान, मीटर संबंधी शिकायत,नए बिजली कनेक्शन बिजली बिल में त्रुटि सुधार भी की जाएगी। बताया कि पंचायतवार सहयोग शिविर 19 मई से कैमूर जिले में प्रारंभ होगा। यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें बिजली बिल सुधार, नया कनेक्शन, मीटर शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर, ऊर्जा संरक्षण, पीएम सूर्यघर योजना एवं विद्युत सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी।विद्युत कार्यपालक अभियंता, भभुआ ई.शशिकांत कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से शिविर में भाग लेने की अपील की है। शिविर में विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

18 बेंचों पर सुलहनीय वादों का होगा निपटारा

सासाराम में हरी झंडी दिखाकर जागरुकता व प्रचार रथ को किया गया रवाना

भास्कर न्यूज | सासाराम

जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास के तत्वावधान में 9 मई 2026 को व्यवहार न्यायालय सासाराम सहित अनुमंडल न्यायालय बिक्रमगंज एवं डेहरी-ऑन-सोन परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसे लेकर गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन एवं अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास ललित भूषण रंजन द्वारा हरी झंडी दिखाकर तीनों अनुमंडल क्षेत्र में जागरूकता व प्रचार रथ रवाना किया गया।

मौके पर सचिव कुमार कृष्णदेव, डीटीओ राकेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन, एसडीपीओ वन दिलीप कुमार मौजूद रहे। बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य मामले, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, बिजली-पानी बिल विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता मामले, राजस्व मामले, ई-चालान सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। 18 बेंच के तहत सुलहनीय वादों को निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों के शीघ्र एवं निःशुल्क समाधान हेतु लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक विभाग के अलावा पुलिस-प्रशासन पूरी तरफ से तत्पर है।

कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

भभुआ| नगर स्थित भूपेश कॉलेज के समीप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं कन्याएं शामिल हुईं। श्रद्धालु गाजे-बाजे व कीर्तन-भजन के साथ अखलासपुर बस स्टैंड स्थित नागा बाबा पोखरा पहुंचे, जहां बनारस से आए आचार्य डॉक्टर उदय शंकर ओझा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी कराई गई।इसके बाद श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में अर्चना चतुर्वेदी अनिल कुमार चतुर्वेदी अवनीश कुमार जैनेंद्र रतीश सतीश निशिकांत रजनीकांत आदि मौजूद थे।

स्कूलों में 3 माह तक चलेगा विद्यालय तत्परता कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | सासाराम

जिले के सभी सरकारी स्कूलों में तीन माह तक विद्यालय तत्परता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा सह निपुण बिहार मिशन के निदेशक विक्रम वीरकर ने डीईओ व एसएसए डीपीओ को पत्र भेजकर कई निर्देश दिए हैं। कहा है कि अकादमिक वर्ष 2026-27 में मिशन निपुण बिहार के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार कक्षा एक में नव नामांकित बच्चों के लिए मॉड्यूल चहक सह विद्यालय तत्परता कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। इसके लिए सभी सरकारी स्कूलों में चार मई से लेकर 31 जुलाई के बीच का समय निर्धारित है। अगर किसी जिले में ग्रीष्मावकाश या किसी अन्य कारण से स्कूल इस अवधि में तीन माह तक संचालित नहीं होते हैं तो इस कार्यक्रम को 31 जुलाई से विस्तारित कर तीन माह पूर्ण कर समाप्त किया जाएगा। वहीं, राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बीआरसी के माध्यम कक्षा एक सभी नामित शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण भी किया जाएगा। सभी प्रारंभिक स्कूलों में निर्धारित संख्या में चहक अभ्यास पुस्तिका उपलब्ध कराना है।

सेमिनार अनुसंधान के लिए बेहतर अवसर

एसवीपी कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार 14 व 15 को

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। बता दें कि आगामी 14 व 15 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर कॉलेज में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।सरकार,यह सेमिनार भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय एवं आरके इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण त्रित्व: एकीकरण,सुशासन एवं नैतिक अर्थव्यवस्था विषय पर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक डॉ.अजीत कुमार राय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के विचार एवं कार्य आज भी राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रीय एकता एवं प्रशासनिक दृढ़ता के लिए प्रासंगिक हैं। इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए चिंतन एवं अनुसंधान का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। डॉ.सुमित कुमार राय ने भी सेमिनार के बारे में बताया।

सेविका सहायिका सेवा भाव का दें परिचय

बाल विकास के छह सूत्रों का हर हाल में हो अनुपालन, बच्चों के प्रारंभिक स्तर की शुरुआत वंदेमातरम से कराएं

सिटी रिपोर्टर | रामगढ़

रामगढ़ आइसीडीएस कार्यालय में गुरुवार को आइसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रेखा कुमारी ने सेविकाओं में सेवा भाव का जज्बा दिखाया।इस दौरान उन्होंने कहा कि के बच्चों में बगैर सेवा भाव के लक्ष्य पाना मुश्किल है। इसलिए आप सभी आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को केंद्र संचालित हर योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी।

ऐसी व्यवस्था से जुड़ी सेविका सहायिका को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसकी शुरुआत कैमूर जिले में डीडीसी के द्वारा किया गया है। जिसका नामकरण आंगनबाड़ी आफ द वीक कार्यक्रम के तहत किया गया है। चौथे सप्ताह में रामगढ़ का इसके लिए नंबर मिल गया। उपस्थित सभी सेविकाओं को उनके कर्तव्य का बोध डीपीओ रेखा कुमारी ने कराया। तथा कहीं कि बच्चों के प्रारंभिक स्तर की शिक्षा की शुरुआत आपके द्वारा दी जाती है। यह सेवा भाव के तहत होना है। ऐसे में केंद्र खुलने की जिम्मेदारी सहायिका पर ही छोड़नी चाहिए।इस दौरान सीडीपीओ प्रिया कुमारी,पर्यवेक्षिका रीना केशरी सहित सभी पर्यवेक्षिका व सेविका मौजूद रहीं।

जरूरी जानकारी भी प्रतिदिन साझा करें

बच्चे किस अवस्था में कार्य कर रहे हैं,उनके पठन - पाठन की गतिविधियां क्या है,उनका नाम परिचय की जानकारी भी प्रतिदिन सेविकाएं साझा करें। कक्षाएं से पहले सभी बच्चों को वंदेमातरम गाना अवश्य सिखाएं।यह इसके मूल अंग में है।तत्पश्चात बच्चों के क्रियाकलाप व पठन पाठन की जानकारी प्राप्त करें। सहायिका के भरोसे केंद्र संचालन करने वाली सेविका पर कार्रवाई भी होगी।इस दौरान डीपीओ ने बाल विकास परियोजना के छह सूत्र की जानकारी अलग अलग से सेविका व पर्यवेक्षिका से ली। डीपीओ ने सेविकाओं से कहा कि आप अपने केंद्र को स्वच्छ व अनुशासन के साथ बच्चों में ज्ञान का बोध कराती हैं तो आपको पुरस्कृत भी किया जाएगा। और प्रशस्ति पत्र देकर आपको गौरवान्वित किया जाएगा। यह शिकायत नहीं मिलनी चाहिए की किसी भी केंद्र के बच्चों के अभिभावक के नहीं आने के कारण झूठ से उन्हें घर गया,आप स्वयं उनके घर जाकर यह कार्य करेंगी। तथा एनएम व आशा कार्यकर्ता की तरह गर्भवती व धातृ महिलाओं के रहन सहन व खान पान पौष्टिक आहार की जानकारी भी आप देंगी।

सत्संग जगदीशपुर महुवारी और बबुरहनी पहुंचे जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के संत

जीवों पर दया करना पूजा पाठ से कम नहीं : संत पंकज

भास्कर न्यूज | भभुआ/चैनपुर

गुरुवार को भभुआ प्रखंड के जगदीशपुर महुवारी और चैनपुर के बबुरहनी में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के संत पंकज जी महाराज पहुंचे।यहां संत महाराज ने सत्संग किया। सत्य,प्रेम,दया, करुणा व अहिंसा जैसे मानवीय गुणों को अपना कर ही मानव अच्छा समाज बना सकता है।तुम जैसा दूसरों के साथ करोगे ठीक वैसा ही आप को भी भरना पड़ेगा। यही प्रकृति का नियम है।यह मनुष्य शरीर अबकी बार आपको मिल गया।इसको खाने पीने, बाल-बच्चों की परवरिश और दुनिया बसाने में ही मत गंवा देना। बल्कि कुछ समय निकाल कर भगवान का सच्चा भजन भी कर लें,जिससे यह आत्मा चौरासी या अन्य योनियों में जाने की सजा से बच जाये।महात्माओं का सदैव यही प्रयास रहता है। क्योंकि यही एक ऐसा भगवान का बनाया हर मंदिर है जिसमें बिना बजाये बाजा बजता रहता है और बिना तेल बत्ती के चिराग भी चौबीसों घण्टे जलता रहता है। लेकिन उसके सुनने के लिये हमको पूरे गुरु की या सिद्ध महात्मा की तलाश करनी होगी। वे जब अन्दरूनी कान व दिव्य आंख का भेद बता देंगे तो आप भी घर बैठे ईश्वरीय संगीत, वेदवाणी या कलमा सुन सकते हैं। इसी को सुरत शब्द योग मार्ग कहते हैं।कलयुग की यही सरल साधना है। "कलयुग योग न यज्ञ न ज्ञाना, एक अधार नाम गुन गाना।" उक्त संदेश आज प्रातः9 बजे से भभुआ प्रखण्ड के जगदीशपुर महुवारी में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज ने अपने सत्संग किया।

सत्संग में महाराज जी और अनुयायियों की भीड़।

सत्संग में आने के लिये सबको आमंत्रित किया

महाराज जी ने कहा,ऐ इन्सानों ! यदि हम किसी जीव को बना नहीं सकते हैं तो हमें मिटाने का कोई अधिकार नहीं है।हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज 1970 के दशक में कह गये कि उसी गन्दे खानपान (मांसाहार) के कारण ही आगे भविष्य में बीमारियों की हवा चलेगी। उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा उ.प्र. में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के पावन 14वें वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में आने के लिये सबको आमंत्रित किया।

नासरीगंज प्रखंड समन्वयक को दी गई विदाई

नासरीगंज| प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीआरसीएफ भवन में गुरुवार को स्थानांतरित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखण्ड समन्वयक अनन्त कुमार सिंह का विदाई एवं नवपदस्थापित समन्वयक आनन्द पांडेय का स्वागत कार्यक्रम बीडीओ मो. नौशाद आलम सिद्दीकी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। पर बीडीओ ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण व पदस्थापन एक प्रक्रिया है जिससे सभी सरकारी कर्मियों को गुजरना पड़ता है। मौके पर एलईओ राकेश कुमार सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक रवि कुमार सिंह, मनोज कुमार, बबलू कुमार, नौशाद आलम, सौरभ सिंह, मुकेश कुमार, रामजी कुमार, अक्षयवर कुमार, नागेंद्र कुमार, रफीक आलम, वार्ड सदस्य अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, समेत अन्य थे।

नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण आमलोगों को चलना हुआ मुश्किल

कहीं अतिक्रमण तो कहीं नाली जाम, सूर्यपुरा में सड़क पर पानी

भास्कर न्यूज | सूर्यपुरा

सूर्यपुरा बाजार की मुख्य सड़क पर नाली का पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बाजार के बीचों-बीच बनी नाली की नियमित साफ-सफाई नहीं होने तथा कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण पानी का निकास पूरी तरह बाधित हो गया है।

स्थिति यह है कि सड़क पर कई दिनों से जलजमाव बना हुआ है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह मुख्य सड़क बाबा बंगला नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों का प्रमुख मार्ग है। सुबह से शाम तक यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है, खासकर शादी ब्याह के समय लेकिन सड़क पर फैले गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों को फिसलने का खतरा बना रहता है। कई लोग सड़क पार करते समय गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है, जिससे गंदगी बढ़ती जा रही है।

अधिकारियों की अनदेखी से लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

सूर्यपुरा बाजार मुख्य सड़क पर जलजमाव।

जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से समस्या

जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आसपास के कई घरों एवं आंगनों में भी पानी प्रवेश कर रहा है।

स्थानीय दुकानदार मुकेश गुप्ता ने बताया कि सड़क पर हमेशा पानी जमा रहने से ग्राहक आने में परेशानी महसूस करते हैं। इससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

बाजार निवासी मनोज वर्मा ने कहा कि नाली पर अतिक्रमण होने के कारण पानी का बहाव रुक गया है, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। राहगीर सुदामा पाण्डेय ने कहा कि मंदिर और बाजार जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार लोग फिसलकर गिर भी चुके हैं।

स्थानीय कैमुद्दीन ने प्रशासन से जल्द नाली की सफाई कराने और अतिक्रमण हटाने की मांग की। वहीं दुकानदार डॉ बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोगों का आक्रोश बढ़ सकता है।

नाली सफाई कराने की मांग

ग्रामीणों एवं बाजारवासियों ने प्रशासन से अविलंब नाली की सफाई, जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड समन्वयक श्रीकृष्ण ने बताया कि फिलहाल नाली के पानी की निकासी के लिए स्वच्छता कर्मियों से नाली सफाई कार्य कराया जाएगा। परंतु उसका स्थाई निदान यहां नाली पर अतिक्रमण और नई टूटे-फूटे नाली के कारण नली का गंदा जल सड़क पर लगा रहा है, नाली का पुनः निर्माण वृहद रूप से जरूरी है।

जनप्रतिनिधियों से करूंगा बात, जल्द होगा समाधान

प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़क पर नाली का पानी जमा है। यह समस्या काफी जटिल है। इसके स्थाई निदान के लिए पंचायत प्रतिनिधि, जिला पार्षद, प्रखंड प्रमुख और मुखिया से बात करूंगा। जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

तेज बहादुर सुमन, बीडीओ

सोलह बेंचों के साथ नौ को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

भास्कर न्यूज | सासाराम

जिला मुख्यालय में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में फरियादियों की सुविधा के लिए कुल सोलह बेंचों का गठन किया गया है।

16 बेंचों में से दो बेंच बेंच नंबर 15 बिजली ऑफिस, फजलगंज में कार्यरत रहेगा जिसमें बिजली बिल एवं उससे जुड़े वादों का निपटारा कराया जाएगा। वहीं बेंच नंबर 16 जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय कैंपस में आयोजित होगा जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी की मौजूदगी में सभी प्रकार के लंबित ट्रैफिक चालानों को 50% छूट देते हुए उनका निपटारा किया जाएगा। ज्ञात हो की प्रत्येक बेंच में वादों के निबटारे हेतु न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता को नियुक्त किया गया है।जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार 9 मई की सुबह 10:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक रोहतास जिले के तीनों अनुमंडल मुख्यालयों स्थित न्यायालय परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय वादों मापतौल, बिजली, ट्रैफिक चालान, च वन, बैंकिंग, वैवाहिक, श्रमिक सहित सभी सुलहनीय सिविल एवं क्रिमिनल वादों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा जिसमें पक्षकारों से किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्णदेव ने दी।

बैंकॉक में सम्मानित होंगे डॉ. पिंटू

भास्कर न्यूज | नासरीगंज

डॉ. पिंटू कुमार

धनाव के मौना स्थित लक्ष्मी क्लिनिक के निदेशक डॉ. पिंटू कुमार थाईलैंड के बैंकाक में होमियोपैथी जगत में अपने उत्कृष्ट योगदान को ले अगले सप्ताह सम्मानित होंगे। उक्त सम्मान केंट होमियोपैथिक लैबोरेटरी एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बैंकॉक में आयोजित पांच दिवसीय साइंटिफिक सेमिनार व वर्ल्ड होम्योपैथिक सम्मिट में उन्हें बेस्ट होमियोपैथिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उक्त क्लिनिक के निदेशक मौना के अतिरिक्त डेहरी और बिक्रमगंज में भी अपनी चिकित्सा सेवाएं देते हैं। उक्त क्लिनिक में इलाज हेतु समस्त जिले के सुदूर क्षेत्रों के मरीज इलाज को ले आते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेकर जाते हैं। उक्त क्लिनिक में गठिया, साइटिका, टायफायड बुखार, बवासीर, व पुराने एवं जटिल दर्द का सफल इलाज किया जाता है। बधाई देने वालों में प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार, वार्ड पार्षद सन्तोष कुमार, इंजीनियर विशाल कुशवाहा, सोनू कुमार, डा.धर्मेंद्र कुमार, आलोक सोनी, अश्वनी पांडेय, वीरेंद्र चौधरी समेत अन्य हैं।

न्यूज ब्रीफ

सूर्यपुरा के आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुई गोद भराई

सूर्यपुरा|आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म किया गया। प्रखंड मुख्यालय के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र,बीचली गली की सेविका सुभावती देवी,नारायणपुर, रतनपट्टी की कुशुम कुंवर ने लाभार्थी शालिनी कुमारी, पति सोनू सिंह सहित कई केंद्रों पर सेविका द्वारा पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिला की गोद भराई का रस्म करने के साथ ही गर्भावस्था में विशेष ध्यान देने की कई बातों की जानकारी दी गई,वही उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए सेविकाओ ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान टेटनेस का इंजेक्शन लेने के साथ ही भारी वजन उठाने से परहेज, पौष्टिक आहार, हरे पत्तेदार सब्जियां,आयरन की गोली एवं समय-समय पर आशा दीदी एवं एएनएम से उचित परामर्श लेते रहना है।

सात भूमिहीन परिवारों को मिला जमीन का पर्चा

नोखा |बराव गांव में भूमिहीन परिवारों के बीच जमीन का पर्चा वितरण किया गया। इस दौरान सात भूमिहीन परिवारों को सरकारी भूमि का पर्चा देकर उन्हें स्थायी आवास एवं जीवनयापन की दिशा में बड़ी राहत प्रदान की गई। पर्चा मिलने के बाद लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम का आयोजन राजस्व विभाग की देखरेख में किया गया, जिसमें अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने की योजना लगातार चलाई जा रही है, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को अपना आशियाना मिल सके।

गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

भभुआ | कुड़ासन गांव में एक युवक को गाली गलौज का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।घायल युवक कुड़ासन गांव निवासी सूरज सिंह बताया जाता है।इस मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है।युवक ने बताया कि वह बुधवार छह तारीख को 12 बजे दिन में वह गांव स्थित महावीर तालाब पर मौजूद था।इसी दौरान आरोपी आये और उसके साथ गाली गलौज करने लगे।जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगे।

शपथ में सबका साथ, सबका विकास की झलक दिखी

सासाराम| सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे से 15 मंत्रियों द्वारा शपथ लिए जाने पर रोहतास जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता डॉ विनोद सिंह उज्जैन ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही जदयू कोटे से 13, लोजपा आर से दो हम से एक और आरएल एम से युवा चेहरा दीपक प्रकाश को मंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा नेताओं ने एनडीए नेतृत्व को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में बिहार विधान परिषद की सदस्य निवेदिता सिंह, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, उपाध्यक्ष विजय सिंह, महामंत्री प्यारेलाल ओझा, विवेक सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुधीर सिंह, जितेंद्र सिंह, मदन प्रसाद वैश्य,राजेंद्र सिंह भोला, प्रमोद सिंह आदि हैं।

पर्यवेक्षकों को मानदेय का भुगतान करने का निर्देश

भास्कर न्यूज | सूर्यपुरा

सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को जिला सलाहकार रोहतास ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन शाहबाज रहीम के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर सुमन और प्रखंड समन्वयक श्रीकृष्ण सिंह सहित सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ बैठक किया गया। बैठक में स्वच्छता कर्मी का मानदेय भुगतान, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण कार्य में गुणवत्ता, सामुदायिक स्वच्छता परिसर के क्रियाशीलता पर विस्तृत चर्चा किया गया । बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव सोनालाल को निर्देश दिया गया कि पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को यथाशीघ्र मानदेय का भुगतान करें । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उन्हें निर्देश दिया पंचायत में बने सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण कार्य के गुणवत्ता जांच कर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें और उसे यथाशीघ्र मेंटिन कर क्रियाशील बनाएं । अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के भी गुणवत्ता को जांच कर पंचायत सचिव को प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया और 15वीं वित्त आयोग के टायड मद से इन दोनों योजना को यथाशीघ्र जीर्णोद्धार कर क्रियाशील बनाना सुनिश्चित करेंगे । बैठक में प्रखंड समन्वयक के साथ सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार ,विनोद कुमार ,पप्पू कुमार ,बंधु कुमार एवं रंजन कुमार उपस्थित रहे।

बंदियों को वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन का प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | सासाराम

प्रमाणपत्र का साथ बंदी, मौजूद जेल अधीक्षक, डीएओ व अन्य

मंडल कारा में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधक अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काराधीन 60 बंदियों को वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन के बाद सभी प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र वितरण जिला कृषि पदाधिकारी प्रभाकर कुमार एवं जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के अलावा बागवानी, आचार-पापड़ निर्माण, मशरूम उत्पादन समेत अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण भी प्रत्येक माह अधिक से अधिक बंदियों को दिया जाएगा। जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रम बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक साबित होंगे। कार्यक्रम में जेल उपाधीक्षक कृष्ण कुमार झा, नन्दमोहन सिंह, सहायक अधीक्षक सुरेश प्रसाद, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिवसागर अखिलेश कुमार पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक कोचस विकास कुमार सिंह सहित जेल कर्मी सिकेश कुमार, रवि कुमार, अरविन्द कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

कोचस में ट्रक पर लदी लोहे की टंकी से टूटी होर्डिंग

कोचस| मोहनिया के रास्ते आरा जा रहे 74 चक्का ट्रक पर लोड टंकी से एनएचआई की होर्डिंग टूट गयी। मोहनिया की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग 319 से कोचस पहुंचा मालवाहक ट्रक लोकेशन होर्डिंग के नीचे होने से वह टकरा गया। सड़क के दोनों किनारे सीमेंट के पोल से लगाए गए नट बोल्ट टूट गए। हालांकि भारी भरकम होर्डिंग ट्रक के ऊपर ही लटक गया जिससे कोई अनहोनी नहीं हो पाई। ट्रक चालक अमीन ने बताया कि मोहनिया से आने के दौरान कई जगहों पर होडिंग को हाइड्रा क्रेन ऊंचा करके ट्रक को कोचस तक पहुंचाया। जैसे ही वह कल्पना चैरिटेबल अस्पताल के आगे से गुजरने की कोशिश किया तो ट्रक पर लोड लोहे की टंकी लोकेशन होर्डिंग से टकरा गयी।

मारपीट में कई लोग घायल, 12 गिरफ्तार

काराकाट| संसार डिहरी गांव में बुधवार को मारपीट के दौरान जमकर लाठियां चलीं। इसमें दोनों पक्ष के करीब तीन दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में बसंती कुमारी, सरिता देवी,चंदा देवी व इंदु देवी सहित दोनों पक्ष के 32 महिलाओं व पुरुषों का इलाज सीएचसी में हुआ। पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को बिक्रमगंज न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। मारपीट में दोनों पक्ष से ईंट-पत्थर भी चलाए गए। घटना का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार को राजेन्द्र पासवान व घुठुनी पासवान के परिवार के बीच किसी बात पर कहा सुनी हुई,जो हिंसक रूप ले लिया।

दो पक्षों में हुई मारपीट में दो जख्मी, तीन गिरफ्तार

डालमियानगर|मथुरापुर में हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। भरकोढा निवासी रीता देवी ने बताया कि 6 मई को भतीजे के विवाह में मथुरापुर आई थी। बच्चों के विवाद में उमेश राम की पत्नी आशा देवी व उनका पुत्र सोनू कुमार गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई करने लगी। सोनू कुमार, आशा देवी व कंचन राम की पत्नी उषा देवी ने ईंट, पत्थर व डंडा से मारपीट की। इससे उसे और उसकी पुत्री फूलमतो कुमारी जख्मी हो गयी। डालमियानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

समय पर कार्यालय आना अनिवार्य, जांच होगी

भभुआ|कैमूर में सभी सरकारी कार्यालयों में अफसर और कर्मियों की कार्यालय में उपस्थिति की नियमित जांच की जाएगी।दरअसल,इस बारे में जिला पदाधिकारी कैमूर नितिन कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है।डीएम ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि कार्यालय अवधि में मनोयोग से सरकारी दायित्वों का निर्वहन करने एवं कार्यालय अवधि के समाप्ति के उपरांत ही कार्यालय छोड़ने के प्रावधानों का दृढ़ता से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।बता दें कि सभी क्षेत्रीय कार्यालय में छह दिवसीय कार्य प्रणाली लागू किया गया है।जिसमें कार्यालय अवधि 10 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है।जबकि नवंबर से फरवरी तक 10:30 बजे से 5 बजे तक निर्धारित करते हुए मध्यान्ह भोजन का समय 1:30 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।सरकार ने कार्यालय अनुशासन को लेकर बड़ा फैसला लिया है।सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। समय पर कार्यालय पहुंचना अनिवार्य किया है। काम के प्रति लापरवाही पर सख्ती बरती जाएगी।

रोहतास बस स्टैंड के पास रोज लग रहा जाम

एंबुलेंस को भी नहीं मिलता रास्ता

भास्कर न्यूज | नौहट्टा

राष्ट्रीय राजमार्ग 119 पर स्थित रोहतास बस स्टैंड के पास दिनभर वाहनों का जाम लगा रहता है। हाल यह है कि जाम में फंसी एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता। इससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। अवैध पार्किंग, बस स्टैंड के दोनों ओर बसें, ऑटो और टेंपो सड़क पर ही खड़े रहते हैं। अतिक्रमण कर मुख्य सड़क किनारे ठेले, खोमचे और दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। रोहतास बस स्टैंड पर कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात नहीं रहता है। जिसके कारण वाहन चालक मुख्य सड़क पर मनमाने तरीका से जैसे तैसे वाहन खड़ा कर देते है जिसके कारण अक्सर सड़क जाम हो जाता है। जनसुराज नेता तोराब नियाजी, भाजपा नेता अजय देव , संतोष कुमार, विशाल देव ने बताया कि \'सुबह 8 से शाम 6 बजे तक यहां से निकलना मुश्किल है। एक एंबुलेंस 20 मिनट तक हूटर बजाती रही, पर कोई नहीं हटा। मरीज की हालत खराब थी।

मरीज और स्कूली बच्चे भी परेशानः रोहतास से डेहरी जाने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। स्कूल-कॉलेज के समय छात्र-छात्राओं को भी जाम में फंसना पड़ता है। कई बार छोटे वाहन वाले गलत साइड से घुसा देते हैं, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से बस स्टैंड को व्यवस्थित करने, अवैध पार्किंग हटाने और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो जाएगा, तब प्रशासन जागेगा। रोहतास के थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि जाम की सूचना मिली है।

प्रतियोगिता • पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय सासाराम में 55वीं संभागीय खेलकूद महोत्सव

एथलेटिक्स में चैंपियन बना पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम

भास्कर न्यूज | सासाराम

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय सासाराम में 55वीं संभागीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार वर्मा(प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम) व विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार गुप्ता (प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय, गया नंबर 1) का बच्चों द्वारा स्वागत गान गाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सलामी दिया और खेल भावना से प्रतियोगिता के सभी स्पर्धाओं में भाग लेने हेतु शपथ लिया। तत्पश्चात रोप स्किपिंग और एथलेटिक्स खेल के विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

एथलेटिक्स में ओवर ऑल चैंपियन पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम रहा और द्वितीय स्थान केंद्रीय विद्यालय गया नंबर 1 रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। इसलिए छात्र- छात्राओं को खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में खेलकूद का अत्यधिक महत्व है। यह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव कम कर एकाग्रता और अकादमिक प्रदर्शन में सुधार करता है। खेल अनुशासन, समय प्रबंधन, टीम वर्क (सहयोग), नेतृत्व क्षमता और हार-जीत को स्वीकार करने जैसे जीवन कौशल सिखाते हैं, जो सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं

रोप स्किपिंग में ऑल ओवर चैंपियन बना आरा

रोप स्किपिंग में ऑल ओवर चैंपियन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरा रहा और द्वितीय स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कंकड़बाग (द्वितीय पाली) का रहा। विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरित कर पुरस्कृत किया गया। अंत में मुख्य अतिथि प्राचार्य ने इस महोत्सव के झंडा को नीचे उतारकर समापन की घोषणा की। इस महोत्सव को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पूर्णवासी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में सभी प्रतिभागियों, अनुरक्षकों एवं विशिष्ट अतिथि का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन महोत्सव के प्रभारी अजीत कुमार (खेलकूद शिक्षक) ने किया।

बैंक ऑफ इंडिया
Bank of India
संपत्ति वसूली विभाग,
आंचलिक कार्यालय : गया अंचल

सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए स्टार मेगा ई नीलामी सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (2) के प्रावधान के साथ पठित सुरक्षा हित अधिनियम 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा आम जनता एवं विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित अचल संपत्तियां जो बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिरक्षित लेनदार) के पास बंधक/दृष्टिकोण पर हैं, जिनका प्रतीकात्मक कब्जा बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें संबंधित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) से बैंक ऑफ इंडिया के पास बंधक/बंधक सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध नीचे दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित देय राशि की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है' और 'जो है जैसा है जैसा है' के आधार पर बेचा जाएगा। प्रत्येक सुरक्षित परिसंपत्ति के विरुद्ध आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि दर्शाई गई है।

नीलामी की तिथि एवं समय दिनांक 09.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य (समापन से पूर्व अंतिम 10 मिनट में बोली लगाने पर स्वतः विस्तार खंड के साथ) (लाख में)

क्र. सं.	संपत्ति के उधारकर्ता/गारंटर/मालिक/साझेदार/बंधककर्ता का नाम	लॉट न.	बेची जाने वाली अचल संपत्तियों का विवरण	बैंक के बकाया का विवरण	कब्जा	न्यूनतम आरक्षित मूल्य लाख में	अग्रधन राशि (लाखों में)	ई नीलामी की तिथि एवं समय
बैंक ऑफ इंडिया, जमुहार शाखा, जिलाः रोहतास मोबाइल संख्या- 8789431378, प्राधिकृत अधिकारीः श्री रंजन कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, गया, मोबाइल संख्या- 8434292244								
1	मनोज कुमार राम एवं अंतिमा देवी	1	संपत्ति का न्यायसंगत बंधक जिसका प्लॉट संख्या 1642, खाता संख्या 126, थाना संख्या 149, क्षेत्रफल- 2.812 डिसमिल, मौजा पहलेजा, थाना सासाराम, जिला रोहतास, बिहार, बिक्री विलेख संख्या 488 दिनांक 07.02.2018, अंतिमा देवी पति मनोज कुमार राम के नाम पर।	संविदात्मक बकया राशिः रु. 20.58 लाख, साथ ही अनारक्षित ब्याज एवं अन्य लागू शुल्क, एनपीए की तिथि से, यानी दिनांक 01.05.2023 से।	सांकेतिक	14.65	1.465	9 जून 2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

ई-नीलामी के नियम व शर्तें निम्नानुसार हैं-

1. ई-नीलामी "जहां है जैसा है" एवं "जो है जैसा है" के आधार पर आयोजित की जा रही है एवं यह ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
2. अधिक जानकारी, प्रक्रिया अनुपालन, नियम एवं शर्तें डाउनलोड करने के लिए कृपया देखें-

ए) https://bankofindia.co.in

बी) ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट का पता है- https://BAANKNET.com. बोलीदाता https://BAANKNET.com पर जा सकते हैं, जहाँ बोलीदाताओं के लिए दिशा-निर्देश शैक्षिक वीडियो के साथ उपलब्ध हैं। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को पहले से ही निम्नलिखित औपचारिकताएँ पूरी करनी होंगी।

चरण-1: बोलीदाता पंजीकरण- बोलीदाता को अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी का उपयोग करके ई-नीलामी प्लेटफॉर्म (ऊपर दिया गया लिंक) पर पंजीकरण करना होगा।

चरण-2: केवाईसी सत्यापन-बोलीदाता को अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

चरण-3 - वैश्विक ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि का हस्तांतरणः एनईएफटी का उपयोग करके ऑन-लाइन/ऑफ-लाइन निधि अंतरण/ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर उत्पन्न चालान का उपयोग करके।

चरण-4: बोली प्रक्रिया एवं नीलामी परिणामः इच्छुक बोलीदाता चरण 1,2 एवं 3 को पूरा करने के बाद ई नीलामी मंच पर ऑनलाइन बोली लगा सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि चरण 1 से 3 को बोलीदाता द्वारा ई नीलामी की तिथि से पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए।

3. प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी व ज्ञान के अनुसार, सम्पत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले ई-नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों के भार, स्वामित्व तथा संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं करता है और न ही ऐसा माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तरह से तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री हेतु रखी गई संपत्तियों के संबंध में ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के बाद किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। 4. बोली लगाने वालों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे बोली प्रस्तुत करने से पहले परिसंपत्ति और विनिर्देश का निरीक्षण करें और उसके बारे में स्वयं संतुष्ट हो लें। बोलीदाता दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित अधिकारी के परामर्श से संपत्ति का निरीक्षण करेगा। अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि **दिनांक 08.05.2026 से दिनांक 08.06.2026 तक सुबह 11.00 बजे से शाम 4:00 बजे तक,** संबंधित शाखाओं के सामने दिए गए संपर्क नंबर पर उपरोक्त संबंधित शाखाओं के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ। 5. बोलियां केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। 6. यह माना जाएगा कि बोलीदाताओं ने बिक्री की शर्तों व नियमों को पढ़ लिया है और समझ लिया है तथा वे उनसे बाध्य हैं। 7. प्रस्तुत की जाने वाली बोली की कीमत आरक्षित मूल्य से अधिक होगी और बोलीदाता अपनी आगे की पेशकश रुपये 10,000/- (दस हजार मात्र) के गुणकों में बढ़ा सकते हैं। 8. सफल बोलीदाता की अग्रिम जमा राशि (ईएमडी) आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रख ली जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। 9. बयाना जमा (ईएमडी) पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित बिक्री मूल्य का 25% उसी दिन या अगले कार्य दिवस पर, जैसी भी स्थिति हो, जमा करना होगा। क्रय मूल्य की शेष राशि बिक्री की स्वीकृति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर चुकानी होगी, अन्यथा बैंक सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई राशि जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। 10. न तो प्राधिकृत अधिकारी/बैंक और न ही ई-नीलामी सेवा प्रदाता किसी भी इंटरनेट नेटवर्क समस्या/बिजली विफलता या अन्य तकनीकी चूक आदि के लिए जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी कार्यक्रम में सफल भागीदारी के लिए तकनीकी रूप से अच्छी तरह से सुसज्जित हों तथा उनके पास पर्याप्त पावर बैकअप आदि की व्यवस्था हो। 11. सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री मूल्य का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194-1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा और सफल बोलीदाता द्वारा टीडीएस केवल बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूरी जमा राशि के समय ही किया जाना है। क्रेता को लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य आकस्मिक शुल्क तथा वैधानिक और गैर-वैधानिक बकाया, कर, मूल्यांकन आदि का भुगतान करना होगा। 12. प्राधिकृत अधिकारी/बैंक को किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने या ई-नीलामी को कुछ समय के लिए स्थगित/स्थगित/रद्द करने या किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए नीलामी कार्यवाही से किसी भी संपत्ति को वापस लेने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है। उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 13. बिक्री प्रमाणपत्र केवल क्रेता/आवेदक के नाम पर जारी किया जाएगा तथा किसी अन्य नाम पर जारी नहीं किया जाएगा। 14. बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। बिक्री की शर्तों व नियमों के बारे में अधिक जानकारी/पूछताछ, यदि कोई हो, तो संबंधित शाखाओं से दिए गए संपर्क नंबरों पर प्राप्त की जा सकती है। 15. संपत्तियों का निरीक्षण करते समय, कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक दूरी, सामाजिक समारोहों के स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य करना एवं राज्य एवं केंद्रीय प्रशासन द्वारा निर्धारित अन्य सभी नियमों का पालन किया जाना चाहिए। 16. जिन संपत्तियों का प्रतीकात्मक कब्जा लिया गया है एवं ई-नीलामी के लिए रखा गया है, उन संपत्तियों का वास्तविक कब्जा जिला मजिस्ट्रेट से भौतिक कब्जे की अनुमति प्राप्त करने के बाद ही सफल बोलीदाताओं को सौंपा जाएगा।

उधारकर्ताओं/गारंटरों को सूचना

इस सूचना को नियम 8(2) सुरक्षा हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता और गारंटर (एल/आर) को वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।

प्रिय महोदय/महोदया,अधोहस्ताक्षरी बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते इस बिक्री की सूचना जारी करने और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत बिक्री की सभी शक्तियों का प्रयोग करने के पूर्ण अधिकार रखते हैं। आपने ऊपर उल्लिखित बैंक द्वारा दिए गए अग्रिमों के संबंध में बकाया राशि और मासिक अवकाश, लागत और शुल्क आदि के साथ ब्याज का भुगतान करने में चूक की है। इसलिए बैंक ने आप सभी को धारा 13(2) के तहत 60 दिनों के भीतर उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। आप 60 दिनों की समाप्ति के बाद भी राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। इसलिए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षित परिसंपत्तियों का प्रतीकात्मक/भौतिक कब्जा ले लिया है एवं आपको बिक्री के लिए निर्धारित तिथि से पहले ऊपर बताई गई राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, ऐसा न करने पर अचल संपत्तियां बेच दी जाएंगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, तो आपसे ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि मांग नोटिस, कब्जा लेने, मूल्यांकन और बिक्री आदि से संबंधित सभी खर्च पहले बिक्री आय से काटे जाएंगे, जिसे नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा वसूला जा सकता है और बिक्री आय का शेष भाग पूर्वोक्त अनुसार आपकी देयता के लिए विनियोजित किया जाएगा। आप बयाना राशि जमा करने सहित नियमों और शर्तों पर होने वाली बिक्री में भाग लेने के लिए भी स्वतंत्र हैं या उपयुक्त खरीदार ला सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी,
बैंक ऑफ इंडिया
सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सूचना

स्थानः गया
दिनांकः 07.05.2026

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

अनदेखी • तार हटाने के लिए पिछले सप्ताह ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बंद कराई थी बिजली सप्लाई, तब तार बदलने का मिला था आश्वासन, हुआ कुछ नहीं

बडौरा में घर-आंगन के बीच से गुजरा है हाइटेंशन तार

सिटीरिपोर्टर | रामगढ़

आदर्श गांव बड़ौरा की महादलित बस्ती की घनी आबादी के बीचों बीच गुजरा 11 हजार हाईटेंशन तार गुजरा है। इससे कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। वैसे तो हल्की सी हवा बहने पर खतरा मंडराने लगता है,लेकिन सबसे अधिक दिक्कत बरसात के दिनों में होती है।बता दें कि 1960 के दशक में गांव में बिजली सप्लाई के लिए हाइटेंशन तार खींचा गया था। तब यह वहां कोई मकान नही था,लेकिन आबादी बढ़ी तो कई लोगो के द्वारा मकान बना लिया गया है। यह सब कुछ जानते हुए भी बिजली विभाग अनजान बना हुआ है शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है।लोगों की छतों व आंगन से गुजरे हुए ग्यारह हजार हाईटेंशन के तार की वजह से लोग अपने छतों पर नही जा पाते हैं।आंगन में सोने के दौरान भी डर बना रहता है कि कही कुछ अनहोनी न हो जाय।जिस मुहल्ले की छतों व गलियों को पार करते हुए हाई टेंशन का तार गुजरा हुआ है,जिससे हर वक्त लोग डरे सहमे रहते हैं। ग्रामीण कहते हैं कि गुजरे हुए हाईटेंशन तार की वजह से मवेशियों की मौत हो चुकी है जबकि मुहल्ले के लोग भी करेंट की चपेट में आने से जान गंवाते-गंवाते बचे हैं।जिस जगह हाईटेंशन का तार लूज है,उस जगह बांस-बल्ली में डिस को लगाकर छतों पर बांधा गया है ताकि करेंट छत से स्पार्क न कर सके।

आदर्श गांव बडौरा में घनी आबादी को छतों पर जाना मुश्किल, शिकायत के बाद भी नहीं बदला जा रहा है रूट

घनी आबादी से गुजरा हाइटेंशन तार और बांस के सहारे डीस लगाकर खींचा गया हाइटेंशन तार।

रूट डायवर्ट करने को अधिकारियों को किया गया है सूचित

बिजली विभाग के जेई ने बताया कि बस्ती के बीचोंबीच हाइटेंशन के ओपन वायर को बदल कर कवर केबल लगाया जाएगा ताकि फिलहाल लोगों को खतरे से बचाया जा सके रूट को डायवर्ट करने के लिए वरीय अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है। उधर,प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि लोगों के आंगन से हाइटेंशन का तार गुजरा हुआ है हमेशा खतरा होने का डर है।इसकी सूचना जिला पदाधिकारी को दी गई है।इस संबंध में रामगढ़ ग्रिड के एसडीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि फिलहाल घनी आबादी के एरिया में नंगे तार को हटाकर एक दो दिनों के अंदर केवल वायर लगाया जाएगा रूट डायवर्ट करने के लिए सीनियर अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है।

रूट बदल दिया जाए तो मिलेगी राहत

महज 6 पोल की दूरी तक के तार का रूट बदल दिया जाय तो बस्ती के लोगो के सिर के ऊपर से हाईटेंशन का मंडराता हुआ खतरा हमेशा के लिए ठीक हो सकता है। करीब 2000 गज तार व पोल की जरूरत है,लेकिन विभाग की सोच ही ये हो कि कोई बड़ी घटना घटे तब इसे बदला जाएगा।पिछले सप्ताह आंधी बारिश की वजह से हाईटेंशन का तार टूट गया तब बस्ती के लोग तार बदलने पर अड़े रहे 24 घंटा से अधिक समय तक बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप रहा ग्रामीण पावर हाउस जमा हुए कुछ देर तक पूरे इलाके के बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया लेकिन अभी तक कोई निदान नहीं निकाला गया। बिजली बिभाग के द्वारा इस तरह के ढुल मूल रवैये से लोगो के जान माल के नुकसान होने का हमेशा अंदेशा बना रहता है।

डर के मारे कोई भी छत पर नहीं जाता

मुहल्ले के संजय कुमार बताते हैं कि हाइटेंशन तार की चपेट में कब कौन आ जाय डर के मारे कोई भी छत पर नही जाता है।मुहल्लेवासी सुभाष राम,मुंशी राम, शिवजी राम,गिरजा भर,बटोर राम,जामवंत राम,सुखारी राम,गोरख राम,मोहन राम समेत कई लोगो ने बताया कि मुहल्ले से गुजरा हुआ 11 हजार का तार छतों के ऊपर से गुजरा है कोई अपने छत की ढलाई नही करा पा रहा है तो कोई घर मकान नही बना पा रहा है। खतरा बना रहता है बारिश के दिनों में जब लगातार बारिश होती है तो तार के नीचे वाले मकानों में करेंट महसूस होता है।कई मवेशियों की मौत हो चुकी है।11 हजार के तार को हटाने के लिए कई बार विभाग से शिकायत की गई पर तार को दूसरे तरफ शिफ्ट नही किया गया।कहीं कोई सुनने वाला नही है। समय रहते तार नही बदला गया तो बड़ी घटना होने से इनकार नही किया जा सकता है।

कवर वायर लगाने गए अधिकारियों का विरोध

गुरुवार के दिन आबादी क्षेत्र में गुजर रहे हाइटेंशन तार को बदल कवर केबल लगाने लिए बिजली विभाग के जेई व एसडीओ पहुंचे तो दलित बस्ती के लोगों ने इसका विरोध किया स्थिति को देख पुलिस बल भी पहुंचा लेकिन दलित बस्ती के लोग रूट डायवर्ट करने पर अड़े रहे आखिरकार कवर केवल नहीं लगाया जा सका। जबकि जेई का कहना है कि हाइटेंशन तार को बदलने में मुख्यालय से एप्रूवल लेना पड़ता है एक दो माह का समय लगेगा तब तक कवर केवल से खतरे से बचा जा सकता है जिसे दलित बस्ती के लोगों ने नहीं करने दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार महिला घायल

भभुआ |रोहतास- कैमूर सीमा पर खुरमाबाद के पास हाईवे पर गुरुवार को बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर घायल हो गई। घायल महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल,भभुआ लाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।घायल महिला की पहचान रिंकी देवी के रूप में की गई है।वह त्रिभुवन राम की पत्नी बताई जाती हैं।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार,त्रिभुवन राम अपनी पत्नी रिंकी देवी के साथ ससुराल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

सफाईकर्मी की पिटाई

भभुआ|वार्ड 14 में पत्नी से हुए विवाद के बीच नगर पर्षद के एक सफाईकर्मी के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ देने का मामला सामने आया है। सफाईकर्मी की पहचान लीलवछ गांव निवासी सुदामा रावत के पुत्र अरुण कुमार के रूप में हुई है। उसने नगर थाने में आवेदन देकर वार्ड 14 निवासी सोनू रावत, चक्रवर्ती सहित अन्य लोगों को आरोपित किया है।

चापाकल से जुड़ी शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष

भभुआ|कैमूर में चापाकल से संबंधित शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। आम जनता की पेयजल संबंधी समस्याओं और चापाकल खराब होने की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक क्रियाशील रहेगा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06189-223445 है। पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या की शिकायत कर सकते हैं।

जनगणना से जुड़े कार्यों पर नजर रखेगी डीएलसीसी

सिटीरिपोर्टर | भभुआ

कैमूर में भारत की जनगणना 2027 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं।बता दें कि कैमूर जिले में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (डीएलसीसी)का गठन कर दिया गया है।डीएम की अध्यक्षता वाली यह समिति डिजिटल तकनीक के माध्यम से समयबद्ध तरीके से जनगणना कार्य को संपन्न कराएगी।अपर जिला जनगणना पदाधिकारी कैमूर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि जनगणना को सही तरीके और तय समय पर पूरा करने के लिए जिला स्तर पर सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। जिलाधिकारी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में उप विकास आयुक्त सदस्य,अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी को संयोजक सदस्य, स्थापना उपसमाहर्ता आदि हैं।

स्मारकों के संरक्षण के लिए समिति गठित

भभुआ|कैमूर में पुरातात्विक स्थलों और स्मारकों का संरक्षण और विकास होगा । सुरक्षित घोषित पुरातात्विक स्थलों स्मारकों के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है।कला एवं संस्कृति विभाग से निदेशक पुरातत्व निदेशालय बिहार पटना के निर्देश पर सुरक्षित घोषित पुरातात्विक स्थलों स्मारकों के संवर्धन संरक्षण एवं विकास हेतु कार्य किया जाएगा।

प्राचार्य ने कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया

सिटीरिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी अपने 15 सूत्री लंबित मांगों को पूरा नहीं होने पर दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल पर रहे।

बता दें कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ पटना एवं वीर कुंवर सिंह प्रक्षेत्र आरा के आह्वान पर 6 व 7 मई को महाविद्यालय में उपस्थित होकर कलमबंद हड़ताल पर गुरुवार को दूसरे दिन भी धरना स्थल पर उपस्थित रहे।

धरना स्थल पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा भी पहुंचे उन्होंने कर्मचारियों के आंदोलन को जायज ठहराते हुए समर्थन कर मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शशि भूषण कुमार,डॉ सैयद अशहद करीम,डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ रविन्द्र कुमार निराला,डॉ विशाल कुमार ने कर्मचारियों के मांगो का समर्थन किया।

जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली से प्राप्त आदेश के विरुद्ध राज्य सरकार कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का कार्य किया है। सहायक को लिपिकीय वर्ग में कर देना, प्रधान सहायक एवं लेखापाल को प्रशाखा पदाधिकारी के पदनाम एवं वेतनमान से वंचित रखना, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष को यूजीसी वेतनमान से वंचित रखना, पीवीसी राज्य सरकार के मनमानी रवैया के कारण वेतनमान में कटौती करना एवं आउट सोर्सेज एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा नियमित करना तथा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में नॉन टीचिंग का नियमित नियुक्ति का प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किया जाए। धरना स्थल पर सत्येंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष, सुजीत कुमार सचिव,अवधेश सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, लक्ष्मी कुमारी, अभिजीत कुमार,लक्ष्मी कुमारी, अखिलेश कुमार सिंह, गुलाम पीर, जयप्रकाश सिंह थे।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

(भारत सरकार का उपक्रम)
सर्किल ऑफिस सैम आरा: दूसरा तल्ला, होटल रिगल कॉम्प्लेक्स, रमना मैदान के निकट, आरा, भोजपुर, बिहार-802301
फोन नं.: 7407563366, ईमेल: cs8187@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठण तथा प्रतिभूति हित प्रावर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली हतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जहाँ है जैसी है"**, **"जो है जैसी है"** और **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम खाता का नाम कर्जदार/ जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्ति(यों) का बंधककर्ता)	क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि। घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक /भौतिक/रचनात्मक ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	क) आरक्षित मूल्य ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तारिख/ समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भारों का विवरण
1.	पीएनबी-शाखा: अकोढ़ी (269600), मेसर्स दुर्गा जनरल स्टोर, प्रोप.-श्री रमेश केशरी **खाता नं. 269600870000165O** (उधारकर्ता) **मेसर्स दुर्गा जनरल स्टोर**, प्रोप.-श्री रमेश केशरी पिता-स्व. राम नारायण केशरी, आवासीय पता: ग्राम+पोस्ट+थाना-मोहनिया, जिला-कैमूर, बिहार-821109. (जमानतदार) **श्रीमती चन्दा देवी** पति-श्री रमेश प्रसाद केशरी, आवासीय पता: ग्राम+पोस्ट+थाना-मोहनिया, जिला-कैमूर, बिहार-821109.	मौजा-मोहनिया, थाना नं. -131, हलका नं.-9, वार्ड नं.-9, खाता नं.-333, खेसरा नं.-1074, रकवा-2 डिसमिल, डीड नं.-4048 तिथि 20.04. 2010. **मालकिन/बंधककर्ता:** श्रीमती चन्दा देवी पति-श्री रमेश प्रसाद केशरी। **चौहद्दी:** उत्तर-गीता देवी, दक्षिण-प्लॉट नं.-1074 डीगर खरीदार, पूरब-भारत माली एवं अन्य, पश्चिम-रास्ता।	क) 25.05.2021 ख) रु. 42,56,220.91/- + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 24.08.2021 घ) सांकेतिक ङ) रु. 26,59,280.41/- + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क	क) रु. 24,47,820/- ख) रु. 2,44,782/- ग) रु. 50,000/-	26.05.2026 दोपहर 12:00 से सायं 04:00	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तें निम्नलिखित के अधीन होगी।
1. संपत्तियाँ **"जहाँ है जैसी है"** और **"जो है जैसी है"** तथा **"जो भी है जैसी है"** के आधार पर बेची जा रही है।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदयी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **26/05/2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

(भारत सरकार का उपक्रम)
ए.आर.एम.बी आरा: दूसरा तल्ला, होटल रिगल कॉम्प्लेक्स, रमना मैदान के निकट, आरा, भोजपुर, बिहार-802301
ईमेल: cs8187@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठण तथा प्रतिभूति हित प्रावर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली हतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जहाँ है जैसी है"**, **"जो है जैसी है"** और **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम खाता का नाम कर्जदार/ जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्ति(यों) का बंधककर्ता)	क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि। घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक /भौतिक/रचनात्मक ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	क) आरक्षित मूल्य ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तारिख/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भारों का विवरण
1.	**पीएनबी- शाखा: घोरसरा (278400) मेसर्स जय हनुमान राइस प्रोप.-श्री मोहन साह** **खाता नं.- 278400870000822** **श्री मोहन साह** पिता-श्री हनुमान साह **श्री हनुमान साह** पिता-स्व. राम प्रसाद साह **श्री रघुनाथ साह** पिता-स्व. राम प्रसाद साह। सभी निवासी: ग्राम-सिझुआ, पोस्ट-उपरी, थाना-रामगढ़, जिला-कैमूर, बिहार-802132	1. **अवस्थित जमीन:** मौजा-सिझुआ, थाना- रामगढ़, थाना नं.-332, अंचल-रामगढ़, जिला- कैमूर (भभुआ), खाता नं.-09, प्लॉट नं.-812, रकवा-11 डिसमिल एवं प्लॉट नं.-813, रकवा-14 डिसमिल, (कुल रकवा-25 डिसमिल) है जिसका सेल डीड नं. -7539 तिथि 07.07.2003 है जो श्री रघुनाथ साह एवं श्री हनुमान साह पिता-श्री राम प्रसाद साह के नाम से है। चौहद्दी: उत्त-प्लॉट नं.-814, दक्षिण-प्लॉट नं.-812, पूरब-छावर, पश्चिम-बबन सिंह। 2. **अवस्थित जमीन:** मौजा-सिझुआ, थाना- रामगढ़, थाना नं.-332, अंचल-रामगढ़, जिला- कैमूर (भभुआ), खाता नं.-09, प्लॉट नं.-813, रकवा-25 डिसमिल है जिसका सेल डीड नं.-7540 तिथि 07.07.2003 है जो श्री रघुनाथ साह एवं श्री हनुमान साह पिता-श्री राम प्रसाद साह के नाम से है। चौहद्दी: उत्त-प्लॉट नं.-814, दक्षिण-प्लॉट नं.-812, पूरब-छावर, पश्चिम-बबन सिंह। 3. **अवस्थित जमीन:** मौजा-सिझुआ, थाना- रामगढ़, थाना नं.-332, अंचल-रामगढ़, जिला- कैमूर (भभुआ), खाता नं.-09, प्लॉट नं.-812, रकवा-25 डिसमिल है जिसका सेल डीड नं.-7541 तिथि 07.07.2003 है जो श्री रघुनाथ साह एवं श्री हनुमान साह पिता-श्री राम प्रसाद साह के नाम से है। चौहद्दी: उत्त-प्लॉट नं.-814, दक्षिण-प्लॉट नं.-812, पूरब-छावर, पश्चिम-बबन सिंह।	क) 15.11.2023 ख) रु. 1,57,10,183.10/- + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 16.04.2025 घ) सांकेतिक ङ) रु. 2,78,70,667.52/- + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क	क) रु. 41,13,990/- ख) रु. 4,11,399/- ग) रु. 50,000/-	26.05.2026 दोपहर 12:00 से सायं 04:00 तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तें निम्नलिखित के अधीन होगी।
1. संपत्तियाँ **"जहाँ है जैसी है"** और **"जो है जैसी है"** तथा **"जो भी है जैसी है"** के आधार पर बेची जा रही है।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदयी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **26/05/2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

(भारत सरकार का उपक्रम)
ए.आर.एम.बी आरा: दूसरा तल्ला, होटल रिगल कॉम्प्लेक्स, रमना मैदान के निकट, आरा, भोजपुर, बिहार-802301
ईमेल: cs8187@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठण तथा प्रतिभूति हित प्रावर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली हतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जहाँ है जैसी है"**, **"जो है जैसी है"** और **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम खाता का नाम कर्जदार/ जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्ति(यों) का बंधककर्ता)	क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि। घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक /भौतिक/रचनात्मक ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	क) आरक्षित मूल्य ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तारिख/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भारों का विवरण
1.	**पीएनबी- शाखा: मोकरी (114000) मेसर्स खुशी मिनी राइस मिल प्रोप.- श्री अजय चौहान** पिता-स्व. डमरी साह उर्फ डमरी नोनिया **खाता नं. 114000870000562 एवं 114000IL00000106** **श्री अजय चौहान** पिता-स्व. डमरी साह उर्फ डमरी नोनिया **श्रीमती कैलाशी देवी** पति- स्व. डमरी साह उर्फ डमरी नोनिया सभी का निवास: पूरब पोखरा, बस स्टैण्ड, वार्ड नं.-25, भभुआ, जिला-कैमूर (भभुआ), बिहार-821101	**अचल सम्पत्ति का सभी भाग एवं अंश** जो मौजा-भभुआ, थाना नं.-491, पुराना वार्ड नं.-06, नया वार्ड नं.-25, जिला-कैमूर (भभुआ) में अवस्थित है जिसका खाता नं.-45, प्लॉट नं.-464, रकवा-03 डिसमिल, रजिस्टर्ड बंधक डीड नं.-3900 तिथि 06.08.2020 है जो कैलाशी देवी पति-स्व. डमरी साह के नाम से है। **चौहद्दी:** उत्तर-राम अवतार हलवाई का खाली जमीन, दक्षिण-गुफेकन साह, पूरब-6 फीट चौड़ा गली, पश्चिम-6 फीट चौड़ा गली।	क) 18.04.2023 ख) रु. 23,94,643.50/- + दिनांक 17.04.2023 से आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 11.03.2024 घ) भौतिक ङ) रु. 32,89,548.50/- + दिनांक 30.04.2026 से आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क	क) रु. 31,76,010/- ख) रु. 3,17,601/- ग) रु. 50,000/-	26.05.2026 दोपहर 12:00 से सायं 04:00 तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तें निम्नलिखित के अधीन होगी।
1. संपत्तियाँ **"जहाँ है जैसी है"** और **"जो है जैसी है"** तथा **"जो भी है जैसी है"** के आधार पर बेची जा रही है।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदयी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **26/05/2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी